RNI NO. : MAHHIN/2019/77511 | मुंबई : रविवार 13 अगस्त 2023 | वर्ष 05 | अंक 108 | संपादक : फैसल शेख | पृष्ठ : 8 | कीमत : 03 रुपये

दैनिक
# रोकठोक लेखनी
खबरें बे-रोकटोक

Read E Newspaper at Paper Boy App, Magzter App, Jio News App, Paytm App, Dailyhunt App

# छुप-छुपके मिलने पर क्यों मजबूर हुए शरद पवार और अजित?

## फैमिली फ्रैंड के यहां हुई चाचा-भतीजे की सीक्रेट मीटिंग



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र की सियासत को हिलाने वाली एक और बड़ी खबर सामने आई है. सूत्रों के मुताबिक, एनसीपी प्रमुख शरद पवार और उपमुख्यमंत्री अजित पवार के बीच शनिवार (12 अगस्त) को पुणे के बिजनेसमैन अतुल चोरडिया के बंगले मुलाकात हुई. दरअसल, शरद पवार शनिवार को पुणे में थे, साथ ही चांदनी चौक ब्रिज उद्घाटन के लिए अजित पवार भी पुणे आए थे.

इस कार्यक्रम के बाद खबर आई की कोरेगांव पार्क स्थित चोरडिया के आवास पर शरद पवार और अजित पवार के बीच बैठक हुई, जोकि एक घंटे से भी ज्यादा समय तक चली. यह जानने पर कि शरद पवार और अजित पवार कोरेगांव पार्क में चोरडिया के बंगले पर बैठक कर रहे हैं, पत्रकार बंगले के बाहर पहुंचे. दोनों नेताओं की मुलाकात अतुल चोरडिया के घर पर हुई. मुलाकात के बाद सबसे पहले शरद पवार बंगले से बाहर निकले और कुछ देर बाद अजित पवार का काफिला बंगले से निकला.

### अजित पवार ने दिया था शरद पवार को लेकर बयान...

**हाल ही में अजित पवार ने शिरूर की एक सभा में बयान दिया था कि हम और साहेब (शरद पवार) अलग नहीं हैं, जिसके बाद भी राजनीतिक हलके में अलग-अलग चर्चाएं चल रही थीं. वहीं, शनिवार को पुणे में वसंतदादा शुगर इंस्टीट्यूट के कार्यक्रम में शरद पवार और दिलीप वलसे पाटिल एक साथ पहुंचे थे, लेकिन अजित पवार ने इस कार्यक्रम में आने से परहेज किया.**

# मुंबई में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़, 12 लोग गिरफ्तार

**मुंबई :** मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने एक फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है, जहां से एक गिरोह ने सस्ते 'टूर और ट्रैवल' पैकेज की पेशकश के बहाने कनाडा और भारत के लोगों को ठगा। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी और कहा कि पुलिस ने 12 लोगों को गिरफ्तार करके 28 लैपटॉप और 40 मोबाइल फोन जब्त किए हैं। उन्होंने कहा कि यह कॉल सेंटर अंधेरी के पश्चिमी उपनगर मरोल में स्थित एक व्यावसायिक इमारत से संचालित किया जा रहा था। अधिकारी ने कहा कि पुलिस को अभी यह पता लगाना बाकी है कि इस मामले में पीड़ितों की संख्या कितनी है और गिरोह के कारण उन्हें कितने पैसे का नुकसान हुआ है। विश्वसनीय सूचना पर कार्रवाई करते हुए अपराध शाखा ने शुक्रवार को अंधेरी के मरोल स्थित मित्तल भवन में चलाए जा रहे कॉल सेंटर पर छापा मारा तो वहां 12 पुरुष और एक



महिला काम करती हुई पाई गई।

जांच का हवाला देते हुए अधिकारी ने कहा कि गिरोह पहले सोशल मीडिया पर टूर और ट्रैवल पैकेज की बेहद सस्ते कीमत पर पेशकश करने वाला विज्ञापन देता और जब पीड़ित एक बार रुचि दिखाता और पूछताछ करता तो उससे बातचीत का सारा ब्योरा व्हाट्सऐप पर स्थानांतरित कर देते। गिरोह के सदस्य टिकट और अन्य बुकिंग के नाम पर पीड़ित से पैसे एकत्र करते और वे उन्हें उनके व्हाट्सऐप नंबर पर फर्जी टिकट के अलावा भुगतान की फर्जी रसीद भी भेजते। इसके बाद गिरोह के लोग अपना फोन नंबर बदल देते या फिर पीड़ित के फोन नंबर को 'ब्लॉक' कर देते।

# नकली जेवर गिरवी रख जौहरी से की धोखाधड़ी... तीन के खिलाफ मामला दर्ज




**ठाणे :** महाराष्ट्र में ठाणे जिले के कल्याण में एक जौहरी के पास नकली जेवरात गिरवी रख 1.90 लाख रुपये की धोखाधड़ी करने के आरोप में तीन लोगों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि यह घटना 31 जुलाई से पांच अगस्त के बीच हुई और आरोपियों ने पीड़ित से कहा कि उन्हें अस्पताल का बिल भरने के लिए पैसों की जरूरत है। खड़कपाडा थाने के एक अधिकारी ने बताया, '' एक आरोपी की पहचान शम्सुद्दीन शेख के तौर पर हुई है जो जौहरी का नियमित ग्राहक है। शेख दो व्यक्तियों को जौहरी की दुकान पर लेकर आया और उससे आग्रह किया कि सोने के जेवर गिरवी रख उन्हें कर्ज.दे दें। इसके बाद जौहरी ने उन्हें पैसे दे दिए।'' अधिकारी ने बताया कि जौहरी ने उन्हें 1.90 लाख रुपये दिए लेकिन बाद में जब आभूषणों की जांच की तो वे नकली पाए गए। उन्होंने बताया कि इसके बाद पीड़ित ने पुलिस में शिकायत की और आरोपियों के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 420 (धोखाधड़ी), 406 (आपराधिक विश्वासघात), 34 (सामान्य मंशा) के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने बताया कि दो अन्य आरोपियों की पहचान महेश कदम और कुणाल तेलवने के तौर पर हुई है और अबतक किसी को भी गिरफ्तार नहीं किया गया है।

# चोरी के शक में व्यक्ति की पीट-पीट कर हत्या...

### नवी मुंबई में सनसनीखेज वारदात

**ठाणे:** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में चार लोगों ने चोरी के शक में एक व्यक्ति को कथित रूप से अगवा कर लिया और पीट-पीट कर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी।उन्होंने बताया कि घटना मंगलवार सुबह 9:30 बजे से दोपहर ढाई बजे के बीच की है। इसमें आरोपियों ने मृतक व्यक्ति के दोस्त पर भी हमला किया और उसे गंभीर रूप से घायल किया। खारघर पुलिस थाने के अधिकारी ने बताया कि तीन आरोपियों को मंगलवार देर रात को गिरफ्तार किया गया।



उन्होंने बताया कि इस मामले के संबंध में घायल व्यक्ति अनिल जाधव (26) ने शिकायत दर्ज कराई है। जो पेशे से मजदूर हैं। शिकायत में जाधव ने कहा कि चार आरोपी उन्हें और उनके 35 वर्षीय दोस्त विनोद राठौड़ को एक दुकान में ले गए। जहां उन्हें बंधक बनाकर रखा गया। आरोपियों ने उन्हें बुरी तरह पीटा। एसआई राजीव सेजवाल ने बताया कि आरोपियों ने राठौड़ को एक दीवार पर धक्का दिया। इसके बाद वह गिर गए और बाद में उनकी मौत हो गई। अधिकारी ने बताया कि हमले में जाधव गंभीर रूप से घायल हुए हैं।

उन्होंने बताया कि चार में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। उनमें से एक वेल्डिंग की दुकान का मालिक है। उसे शक था कि दो लोगों ने उसकी दुकान के बाहर से लोहे की छड़ें चुराई हैं। उसने तीन अन्य लोगों की मदद से दोनों को अगवा कर लिया और उनकी पिटाई की। अधिकारी ने बताया कि आरोपियों की पहचान दुकान मालिक दिनकर प्रल्हाद लावंड (42), अभिमन्यु बिहारी यादव (24) और राजकुमार श्रीरामधनी यादव (27) के रूप में हुई है। चौथे आरोपी गुलाब अमरसिंह चव्हाण उर्फ पिंटू चव्हाण को पकड़ने के लिए तलाश जारी है।

# महज 500 रुपये के लिए एक व्यक्ति ने अपने साथी की जान ली

**ठाणे :** महाराष्ट्र के नवी मुंबई में 500 रुपये के चलते विवाद में अपने एक साथी की कथित रूप से हत्या करने को लेकर 30-वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। पनवेल सिटी थाने के निरीक्षक अंजुम भगवान ने बताया कि कबाड़ बीनने का काम करने वाला विकी चिंडालिया आठ अगस्त को पनवेल रेलवे स्टेशन के पास मृत पाया गया था। उन्होंने बताया कि जांच में पता चला कि विकी रेलवे स्टेशन के पास ही काम करता था और वहीं एक साथी के साथ रहता था। उन्होंने बताया कि विभिन्न सुरागों तथा घटनास्थल के सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस का ध्यान विकी के साथी सचिन शिंदे पर गया और उसे बृहस्पतिवार को उसके गृहनगर औरंगाबाद में पकड़ा गया।

www.rokthoklekaninews.com | facebook@rokthoklekhani | youtube@rokthoklekhani | twitter@rokthoklekhani



## संपादकीय / लेख



फैसल शेख
(प्रधान संपादक)

### एक और चुनावी कवायद...

पाकिस्तान सरकार ने एक सुविचारित फैसले के तहत नैशनल असेंबली को भंग कर दिया है। चूंकि असेंबली का कार्यकाल पूरा होने से तीन दिन पहले इसे भंग किया गया है इसलिए नियमानुसार अगला चुनाव कराने के लिए 30 दिनों का अतिरिक्त समय मिल गया है। हालांकि जानकार बताते हैं कि इस बार चुनाव इस समय सीमा के भीतर भी शायद ही हो पाएं। वजह यह है कि जनगणना के ताजा आंकड़े औपचारिक तौर पर मंजूर किए जा चुके हैं। यानी अब यह संवैधानिक जरूरत हो गई है कि जनगणना के नए आंकड़ों के मुताबिक डीलिमिटेशन का काम पूरा करके ही चुनाव करवाए जाएं। चुनाव आयोग को इसके लिए करीब दो महीने का अतिरिक्त समय चाहिए होगा। नैशनल असेंबली भंग होने के बाद प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ को नई व्यवस्था होने तक पदभार संभाले रहने को कहा गया है, लेकिन अब सबकी नजरें इस बात पर टिकी हैं कि कार्यवाहक प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी किसे मिलती है। इस बार केयरटेकर पीएम पर सामान्य से ज्यादा जिम्मेदारी होगी जिसकी कई स्पष्ट वजहें हैं।

पहली बात तो यही कि नए चुनाव कराने और निर्वाचित सरकार के कार्यभार संभालने में कोई अतिरिक्त विलंब नहीं हुआ तो भी करीब छह महीने लग ही जाएंगे। दूसरी बात, यह सब ऐसे समय हो रहा है जब पाकिस्तान अभूतपूर्व आर्थिक संकट से गुजर रहा है। ऐसे में इस केयरटेकर सरकार को अलोकप्रिय होने का खतरा उठाकर भी कुछ कठोर फैसले करने पड़ सकते हैं। देखने वाली बात यह होगी कि कार्यवाहक प्रधानमंत्री पद पर नियुक्ति करते समय इस राष्ट्रीय जरूरत का कितना ख्याल रखा जाता है। दूसरे शब्दों में इस पद पर किसी गहरी आर्थिक समझ वाले व्यक्ति की नियुक्ति हो पाती है या नहीं।

तीसरी और सबसे अहम बात यह है कि यह चुनावी कवायद शुरू होने से चंद दिन पहले ही पाकिस्तान के सबसे लोकप्रिय विपक्षी नेता बताए जा रहे इमरान खान को तोशाखाना वाले मामले में न केवल तीन साल जेल की सजा हो गई बल्कि पांच साल तक उनके चुनाव लड़ने और कोई पद संभालने पर भी रोक लग गई है। हालांकि इमरान खान इसके खिलाफ कानूनी और राजनीतिक दोनों लड़ाई लड़ रहे हैं। निचली अदालत के इस फैसले को हाईकोर्ट में चुनौती दी गई है जहां यह मामला चल रहा है। तो एक तो यह बात देखने वाली होगी कि ऊपरी अदालतों से उन्हें कब तक, कितनी और कैसी राहत मिलती है।

जहां तक राजनीतिक लड़ाई का मामला है तो पिछली गिरफ्तारी के समय इमरान समर्थकों ने देश में विरोध का जिस तरह का माहौल बना दिया था, वैसा इस दूसरी गिरफ्तारी के समय इमरान की अपील के बावजूद नहीं बन पाया। हालांकि इसके पीछे सरकार की सक्रियता और इमरान की पार्टी के नेताओं के खिलाफ की गई कार्रवाई की भी भूमिका है। ऐसे में यह सवाल बना रहेगा कि सर्वाधिक लोकप्रिय विपक्षी नेता को मुकाबले से बाहर करके करवाया जाने वाला चुनाव कितना लोकतांत्रिक माना जाएगा और इसके नतीजे पाकिस्तान को कितनी स्थिरता दे पाएंगे।

+91 99877 75650
editor@rokthoklekhaninews.com
Faisal Shaikh @faisalshaikh_91

# नालासोपारा में हथियारों का जखीरा जब्त... दो गिरफ्तार

## 5 तलवारें-18 चाकू बरामद

**मुंबई :** मुंबई के नालासोपारा में हथियारों का जखीरा जब्त किया गया है. यहां से 5 तलवार, 4 खंजर और 18 चाकू जैसे घातक हथियार बरामद किए गए हैं. दरअसल, 3 अगस्त को एक वीडियो वायरल होने के बाद इस पूरे मामले का खुलासा हुआ. इस वीडियो में एक लड़का हाथ में तलवार लेकर लोगों को धमका रहा है. इधर उधर लहरा रहा है और आने जाने वाले लोगों को धमकी दे रहा है. इस लड़के की करतूत लोगों ने वीडियो बनाकर वायरल कर दी. इसके बाद नींद से जागी पुलिस ने इस लड़के की तलाश शुरू की तो पता चला कि उसके 2 और साथी हैं, जिनके पास बड़ी संख्या में हथियार हैं. इसके बाद पुलिस ने छापेमारी करके 5 तलवारें, 4 खंजर, 18 चाकू जैसे घातक हथियार बरामद किए. इसके साथ ही दो लोगों को गिरफ्तार भी किया.



गिरफ्तार युवक की पहचान साहिल सरावा (22) और विनोद नागर (32) के रूप में हुई है. साथ ही एक बोलेरो भी जब्त की गई है. पुलिस के मुताबिक, वीडियो में तलवार लेकर घूम रहे आरोपी की भी पहचान हुई है और उसकी गिरफ्तारी के लिए एक टीम गुजरात रवाना हुई है. उसके अरेस्ट होने के बाद और हथियार मिलने की सभावना है.

**कई धाराओं के तहत केस दर्ज**

वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक वसंत लबदे ने कहा कि आरोपियों के खिलाफ आईपीसी की धारा 4, 25 और महाराष्ट्र पुलिस अधिनियम की धारा 37(1), (3) 135 के तहत मामला दर्ज किया गया है.

# फार्महाउस से तस्करी की गई दो टन खैर की लकड़ी जब्त, मामला दर्ज




**ठाणे :** महाराष्ट्र के ठाणे जिले में वन विभाग और पुलिस ने एक फार्महाउस पर छापेमारी करके लगभग डेढ़ लाख रुपये मूल्य की तस्करी की गई दो टन खैर की लकड़ी जब्त की। यह जानकारी एक अधिकारी ने शुक्रवार को दी। अधिकारी ने बताया कि यह छापेमारी बुधवार को पडघा इलाके स्थित एक फार्महाउस में की गई। खैर की लकड़ी से कत्था निकाला जाता है, जिसका इस्तेमाल पान में किया जाता है।

पुलिस अधिकारी ने बताया, ''एक गोपनीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए, वन विभाग के अधिकारियों और पुलिस दल ने एक फार्महाउस पर छापा मारा। वहां से 1.50 लाख रुपए मूल्य की तस्करी की गई दो टन खैर की लकड़ी बरामद की गई। उन्होंने बताया कि फार्महाउस के मालिक की पहचान साहिल चिकलेकर के रूप में हुई है और उसके खिलाफ भारतीय वन अधिनियम और भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) की विभिन्न धाराओं के तहत एक मामला दर्ज किया गया है। रेंज वन अधिकारी शैकेश देवरे ने कहा कि मामले की जांच की जा रही है।

# पेट में रखा था ड्रग्स का कैप्सूल...

**मुंबई :** राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने युगांडा के एक नागरिक को पेट में से ड्रग्स की तस्करी करनेवाले आरोपी को गिरफ्तार किया है। डीआरआई ने शक के आधार पर सात अगस्त को एक आरोपी को छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय एअरपोर्ट पर गिरफ्तार किया था। पूछताछ करने पर उसने बताया कि उसने ड्रग्स के कैप्सूल निगले हैं। जिसे वह तस्करी के जरिये मुंबई लाया था। जिसके बाद उसपर एफआईआर दर्ज कर उसे मजिस्ट्रेट कोर्ट में पेश किया गया। अदालत के आदेश पीकर उसे जे जे अस्पताल में भर्ती करवाया गया। अस्पताल में भर्ती किये जाने कब



बाद एक प्रक्रिया के तहत उंसके पेट स्व 65 कैप्सूल निकाले गए। जांच में पता चला कि उस कैप्सूल में 785 ग्राम कोकीन है। जिसके बाद डीआरआई ने एनडीपीएस एक्ट के तहत ड्रग्स जब्त कर लिया है। डीआरआई इस पूरे मामले में गिरोह का भंडाफोड़ करने में जुटी हुई है और आगे कौन कौन लोग इस मामले में शामिल हैं उनकी तलाश करने में जुटी हुई है।

# मुंबई सीमा शुल्क विभाग ने 1.49 करोड़ रुपये मूल्य के हीरे किए जब्त, चाय के पैकेट के अंदर छुपाए थे, एक गिरफ्तार

**मुंबई :** 9 अगस्त को मुंबई एयर कस्टम्स ने दुबई की यात्रा कर रहे एक व्यक्ति से 1.49 करोड़ रुपये मूल्य के 1559.6 कैरेट प्राकृतिक और प्रयोगशाला में विकसित हीरे जब्त किए. सीमा शुल्क के अधिकारियों ने कहा




जब्त किए गए हीरे एक चाय के पैकेट के अंदर बड़ी चालाकी से छुपाए गए थे,'' मामले की आगे की जांच जारी है.

बता दें की इससे पहले, कोचीन सीमा शुल्क अधिकारियों ने शुक्रवार को इंडिगो एयरलाइंस के एक विमान के पिछले शौचालय से लगभग 85 लाख रुपये मूल्य का सोना बरामद किया था.




# मुंबई में भीषण सड़क हादसा, बिजली के खंभे से टकराई कार, हादसे में कार के 2 टुकड़े



**मुंबई** : मुंबई के कुर्ला इलाके में भीषण हादसा होने की खबर सामने आई है। यहां एक दिल दहला देने वाली घटना घटी जहां एक तेज रफ्तारएर्टिगा कार बिजली के खंभे से टकरा गई और यह हादसा इतना भयंकर था कि इस कार के दो टुकडे हो गए । हादसे की गंभीरता को देखते हुए स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे। कार में सवार 2 लड़कियों समेत 5 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को इलाज के लिए नजदीकी राजावाड़ी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक हादसा रात करीब 12 बजे हुआ। अर्टिगा कार तेजी से चेंबूर की ओर जा रही थी। हालांकि, जैसे ही एससीएलआर पुल के पास पहुंचा, ड्राइवर ने कार से नियंत्रण खो दिया और कार बिजली के खंभे से टकरा गई। कार की गति अधिक होने के कारण कार मौके पर ही दो टुकड़ों में टूट गयी. टूटी कार की फोटो देखकर आपको हादसे की गंभीरता और कार की रफ्तार का अंदाजा हो जाएगा। हादसे के बाद स्थानीय लोग तुरंत मौके पर पहुंचे, वहीं पुलिस को भी सूचना दी गई। घटना के 1 घंटे बाद स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से पोल पर फंसी कार के सभी यात्रियों को बाहर निकाला गया। कार में 5 यात्री सवार थे। उन्हें नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# अस्पताल में एक दिन में पांच लोगों की मौत!

## पुलिस बल तैनात... जानें क्या है माजरा



**ठाणे** : महाराष्ट्र के ठाणे में नगर निकाय के तहत आने वाले एक अस्पताल में बृहस्पतिवार रात बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए और एक दिन में 'लापरवाहीकी वजह से पांच लोगों की मौत होने का आरोप लगाया जिसके बाद अस्पताल में भारी संख्या पुलिस बल तैनात किया गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कलवा में स्थित छत्रपति शिवाजी महाराज अस्पताल के अधिकारियों ने आरोपों से इनकार करते हुए कहा कि बृहस्पतिवार को सिर्फ एक मरीज की मौत हुई है। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता और विधायक जितेंद्र आव्हाड ने भी अस्पताल का दौरा किया और आरोप लगाया कि 'लापरवाही की वजह से पांच मरीजों की मौत हो गई। उन्होंने दावा किया कि अस्पताल ने पैसों के लिए, मरने के बाद भी मरीजों के इलाज का ढोंग किया। ठाणे पुलिस नियंत्रण कक्ष के एक कर्मी ने पीटीआई-भाषा से कहा, '' करीब 100 लोगों की भीड़ बृहस्पतिवार रात तकरीबन साढ़े 10 बजे नगर निकाय द्वारा संचालित अस्पताल में जमा हो गई। उन्होंने अस्पताल के अधिकारियों से मरीजों की मौत को लेकर सवाल किया और उनपर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया।'' उन्होंने बताया कि घटना के बाद अस्पताल में बड़ी संख्या में पुलिस बल को तैनात कर दिया गया है। राकांपा नेता आव्हाड ने शुक्रवार को सुबह एक बयान जारी कर आरोप लगाया, 'मेडिकल कर्मचारियों की लापरवाही के कारण एक ही दिन में (बृहस्पतिवार को) अस्पताल में पांच लोगों की मौत हो गई। उन्होंने दावा किया, '' एक तरफ बेड की कमी का बहाना बनाकर मरीजों को अस्पताल में भर्ती नहीं किया जा रहा है, जबकि मृतकों को घंटों तक आईसीयू में रखा जाता है।'' विधायक ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा, '' एक महिला ने मुझे फोन कर बताया कि उसके पति का अस्पताल में उचित इलाज नहीं किया जा रहा है। जब मैं वहां गया तो पता चला कि उसके पति का इलाज जनरल वार्ड में किया जा रहा है। फिर मुझे बताया गया कि उन्हें आईसीयू में स्थानांतरित कर दिया गया है।''

आव्हाड ने दावा किया, '' जब मैं आईसीयू में गया तो मुझे बताया गया कि मरीज की मौत हो चुकी है, लेकिन डॉक्टर और अस्पताल प्रशासन पांच घंटे से उसका इलाज कर रहे थे। महिला को उसके पति की मौत की जानकारी नहीं दी गई। जब मैंने डॉक्टरों से इस बारे में सवाल किया तो वे कोई जवाब नहीं दे सके।'' आव्हाड ने आरोप लगाया कि ठाणे नगर निगम (टीएमसी) द्वारा संचालित अस्पताल अधिक राशि वाले बिल जारी करके मरीजों को लूट रहा है।

उन्होंने दावा किया कि अस्पताल मरीजों की मौत के बाद भी उनका इलाज कर पैसा कमा रहा है। संपर्क करने पर, टीएमसी के अतिरिक्त नगर आयुक्त एवं चिकित्सा सेवाओं के प्रभारी संदीप मालवी ने बताया कि अस्पताल में एक दिन में पांच मरीजों की मौत नहीं हुई है। उन्होंने कहा, '' अस्पताल में इलाज करा रहे मरीजों में से एक की हालत काफी गंभीर थी। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

# प्लास्टिक बैन के खिलाफ मनपा की कार्रवाई में फिर होगी तेज

## मनपा पुलिस और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी 21 अगस्त से करेंगे कार्रवाई




**मुंबई** : प्रतिबंधित प्लास्टिक जिसमे सिंगल यूज प्लास्टिक बैग, प्लेट, चम्मच, डिब्बे के खिलाफ कार्रवाई एक बार फिर तेज होने जा रही है। महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के निदेर्शानुसार मुंबई मनपा फिर से इस कार्रवाई के लिए टीमें बनाने जा रही है। इस टीम में पुलिस और प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के अधिकारी भी शामिल होंगे। यह कार्रवाई 21 अगस्त से शुरू होगी। उल्लेखनीय है कि राज्य सरकार ने पूरे राज्य में 2018 में प्लास्टिक बैन लागू किया था। इसके बाद मनपा ने भी प्लास्टिक बैन पर अमल शुरू कर दिया था. प्रतिबंधित प्लास्टिक के विरूद्ध कार्यवाही हेतु टीमें नियुक्त की गई। कोरोना काल में प्लास्टिक बैन की कार्रवाई दो साल के लिए पूरी तरह से ठंडी कर दी गई थी . कोरोना संक्रमण नियंत्रण में आने के बाद मनपा ने जुलाई 2022 से एक बार फिर प्लास्टिक बैन पर अमल शुरू कर दिया था। लेकिन इस दौरान कार्रवाई बहुत तेज नहीं थी। महाराष्ट्र प्रदूषण बोर्ड ने अब इस कार्रवाई में पहल करने का फैसला किया है। इस कार्रवाई में मनपा के साथ पुलिस और एमपीसीबी ने भी शामिल होने का निर्णय लिया है। मनपा ने एमपीसीबी सहित पुलिस की टीम बनाकर कार्रवाई करने का निणर्य लिया है जिसकी शुरूआत 21 अगस्त से होगी। कार्रवाई के लिए प्रत्येक वार्ड में पांच अधिकारियों की एक टीम बनाई जाएगी। उपायुक्त संजोग कबरे ने बताया कि तीन अधिकारी मनपा से, एक एमपीसीबी से और एक पुलिस से होंगे। एमपीसीबी ने मनपा को 25 अधिकारियों के नाम भी बताए हैं और उसी के अनुसार टीमें गठित की जाएगी। टीम द्वारा दुकानों, विक्रेताओं और फेरीवालों पर प्लास्टिक की थैलियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी । साथ ही यह दंडात्मक कार्रवाई प्रतिबंधित प्लास्टिक वस्तुओं, पैकेजिंग के लिए उपयोग किए जाने वाले बक्सों, एकल उपयोग वाली प्लास्टिक वस्तुओं के दुकानदारों और विक्रेताओं के खिलाफ भी की जाएगी ।

### ऐसी है सजा

यदि प्रतिबंधित प्लास्टिक पाया जाता है, तो पहले अपराध के लिए जुमार्ना 5000 रुपये, दूसरे अपराध के लिए 10000 रुपये, तीसरे अपराध के लिए 25000 रुपये और 3 महीने की कैद है ।


# तस्कर गिरफ्तार, ७८ ग्राम एमडी पावडर बरामद



**भिवंडी** : भिवंडी के राजनोली नाके से क्राइम ब्रांच पुलिस ने एक एमडी तस्कर को गिरफ्तार किया है, जिसके पास से पुलिस ने चार लाख ६५ हजार रुपए कीमत की ७८ ग्राम मेफेड्रान (एमडी)पावडर बरामद किया है, जो गुजरात से यहां आकर नशीले प्रदार्थ की विक्री के लिए ग्राहक की तलाश में था। कोन गांव पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी पर एनडीपीसी एक्ट के तहत केस दर्ज किया है।

भिवंडी क्राइम ब्रांच के सहायक पुलिस निरीक्षक धनराज केदार ने बताया कि भिवंडी में नशीले प्रदार्थ की चोरी-छिपे असामाजिकतत्वों को खोजकर उन पर कार्रवाई का आदेश पुलिस के आला अधिकारियों द्वारा मिलने के बाद क्राइम ब्रांच की एक विशेष टीम तैयार की गई है, जो कि कार्रवाई में जुटी हुई है। इसी दौरान क्राइम ब्रांच पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक मेफेड्रान (एमडी) पावडर की विक्री करने हेतु स्थानीय मुंबई-नाशिक हाइवे स्थित राजनोली नाके पर आने वाला है। इस सूचना के बाद क्राइम ब्रांच पुलिस स्टेशन के सीनियर पीआई सचिन गायकवाड के मार्गदर्शन में सहायक पुलिस निरीक्षक विजय मोटे, धनराज केदार की टीम ने जाल बिछाकर राजनोली नाके पर यातायात पुलिस चौकी के पास से नाशिक की तरफ जाने वाले रोड से ९ अगस्त को दोपहर में १.३० बजे एक व्यक्ति को शक के आधार पर पकड़ कर जब उसकी तलाशी ली तो उसके पास से ७८ ग्राम मेफेड्रान पावडर बरामद किया है, जिसकी कीमत चार लाख ६५ हजार ५०० रुपए है।

# दो पुलिसकर्मियों पर दर्ज हुआ हत्या का मामला




**वसई :** पांच साल पहले नालासोपारा में जोगेंद्र राणा हत्याकांड में पुलिस कर्मचारी मनोज सकपाल व मंगेश चव्हाण पर हत्या का मुकदमा दर्ज किया गया है।वहीं,इस मामले की जांच ठाणे पुलिस नए सिरे से करेगी। प्राप्त जानकारी के अनुसार 23 जुलाई, 2018 को पुलिस कांस्टेबल मंगेश चव्हाण और मनोज सकपाल ने जोगेंद्र उर्फ गोविंद राणा को गिरफ्तार करने के लिए नालासोपारा पूर्व के राधानगर गए थे। पुलिस के मुताबिक = मुठभेड़ में जोगेंद्र राणा मारा गया था। लेकिन मृतक राणा के भाई सुरेंद्र राणा ने आरोप लगाया कि यह फर्जी मुठभेड़ था।

मृतक भाई के मामले में सुरेंद्र राणा ने हाई कोर्ट में मामले को लेकर गया था। कोर्ट ने इस मामले में दोनों पुलिसकर्मियों के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज करने का आदेश दिया और ठाणे पुलिस कमिश्नरेट सर्कल 4 के पुलिस उपायुक्त डॉ. सुधाकर पाठारे को जांच सौंपी गई है। पुलिस कर्मचारी मनोज सकपाल व मंगेश चव्हाण के खिलाफ आर्म्स एक्ट की धारा 3 और 25, 302, 120 (बी) 201, 386, 34 के तहत मामला दर्ज किया गया है। फिलहाल इस मामले की अब नए सिरे से जांच की जाएगी। मंगेश चव्हाण फिलहाल नालासोपारा पुलिस स्टेशन में कार्यरत हैं और मनोज सकपाल क्राइम ब्रांच 3 में कार्यरत हैं।

# फडणवीस नागपुर, अजित पवार कोल्हापुर में करेंगे झंडावंदन!

## ध्वजारोहण के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग का परिपत्र जारी...

**मुंबई :** 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस की 76वीं वर्षगांठ पूरे राज्य में मनाई जाएगी। मंत्रालय में आयोजित राज्य के मुख्य सरकारी समारोह में मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ध्वजारोहण करेंगे। राज्यपाल रमेश बैस पुणे में झंडा फहराएंगे। जिला मुख्यालयों पर आयोजित शासकीय समारोह में किए जाने वाले ध्वजारोहण के संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने परिपत्र जारी किया है। परिपत्र के अनुसार उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस नागपुर में जबकि उपमुख्यमंत्री अजित पवार कोल्हापुर में ध्वजारोहण करेंगे। अमरावती में मंत्री छगन भुजबल, चंद्रपुर में सुधीर मुनगंटीवार, रायगड में चंद्रकांत पाटिल, वाशिम में दिलीप वलसे-पाटिल, अहमदनगर में राधाकृष्ण विखे-पाटिल, नाशिक में गिरीश महाजन, धुले में दादाजी भुसे, जलगांव में गुलाबराव पाटिल, ठाणे में रविंद्र चव्हाण, सोलापुर में हसन मुश्रीफ, सिंधुदुर्ग में दीपक केसरकर,



रत्नागिरी में उदय सामंत, परभणी में अतुल सावे, औरंगाबाद में संदीपान भुमरे, सांगली में सुरेश खाडे, नंदुरबार में विजयकुमार गावित, उस्मानाबाद में तानाजी सावंत, सातारा में शंभुराज देसाई, जालना में अब्दुल सत्तार, यवतमाल में संजय राठोड, बीड में धनंजय मुंडे, गडचिरोली में धर्मराव आत्राम, मुंबई उपनगर में मंगलप्रभात लोढा, लातूर में संजय बनसोडे, बुलढाणा में अनिल पाटिल, पालघर में अदिती तटकरे ध्वजारोहण करेंगे, जबकि हिंगोली, वर्धा, गोंदिया, भंडारा, अकोला और नांदेड के कलेक्टर अपने-अपने जिलों में ध्वजारोहण करेंगे। इधर प्रदेश अध्यक्ष नाना पटोले ने सरकार पर कटाक्ष करते हुए कहा कि एक साल बाद भी राज्य के 17 जिलों में पालक मंत्री नहीं हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाली शिंदे सरकार एक घालमेल करने वाले नेताओं की सरकार है। इस सरकार में एक मंत्री छह जिलों का पालक मंत्री है। 36 जिलों के लिए सिर्फ 19 पालक मंत्री नियुक्त किए गए हैं और 17 जिलों में अभी तक कोई पालकमंत्री नहीं है।15 अगस्त को झंडा कौन फहराएगा, इसे लेकर सरकार असमंजस में थी।अब नई लिस्ट जारी की गई है। मुख्यमंत्री की एक कुर्सी पर दो-दो उपमुख्यमंत्रियों की नजर है।

# क्राइम ब्रांच यूनिट-9 ने पिस्टल, देशी कट्टा और रामपुरी चाकू के साथ 2 आरोपियों को किया गिरफ्तार

**मुंबई :** क्राइम ब्रांच यूनिट 9 ने डीएन नगर पुलिस स्टेशन की हद में 2 आरोपीयो को डकैती डालने से पहले किया गिरफ्तार। दोनों आरोपियों के पास से एक पिस्तौल 20 जिंदा कारतूस, एक देशी कट्टा 3 जिंदा कारतूस और 3 रामपुरी चाकू बरामद किया गया है। ये दोनों आरोपी मुंबई में किसी बड़ी डकैती की वारदात को अंजाम देने वाले थे। क्राइम ब्रांच यूनिट 9 को गुप्त सूचना मिली थी कि बॉम्बे वायएमसीए बिल्डिंग के सामने न्यू लिंक रोड डी एन नगर अंधेरी पश्चिम में दो लोग पिस्तौल लेकर आने वाले हैं। वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन क्राइम ब्रांच यूनिट 9 ने टीम बनाकर अंधेरी पश्चिम में जाल बिछाकर आरोपियों को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास स एक पिस्तौल 20 जिंदा कारतूस, एक देशी कट्टा 3 जिंदा कारतूस और 3 रामपुरी चाकू बरामद किया गया है। दोनों आरोपियों का नाम अरबाज इशरत खान (23), ताबिश जाकिर हुसैन (22) है।

# विधायक किशोर पाटिल पर मामला दर्ज करने की मांग...

## राज्यपाल से मिले मुंबई के 11 पत्रकार संगठनों के प्रतिनिधि

**मुंबई :** मुंबई में ग्यारह पत्रकार संगठनों के प्रतिनिधियों ने शुक्रवार को राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात कर पाचोरा से सत्तारूढ़ दल के विधायक किशोर पाटिल के खिलाफ पत्रकार सुरक्षा अधिनियम की धारा के तहत कड़ी कार्रवाई की मांग की। राज्यपाल ने प्रतिनिधिमंडल को इस मामले पर विचार करने का आश्वासन दिया है। पाचोरा से विधायक किशोर पाटिल ने स्थानीय पत्रकार संदीप महाजन के साथ दुर्व्यवहार किया और उनके साथ मारपीट की थी। इस घटना का राज्य भर में विरोध हो रहा है। शुक्रवार को मुंबई



मराठी पत्रकार संघ में मुंबई के प्रमुख ग्यारह पत्रकार संगठनों की बैठक हुई। इसके बाद सभी संगठनों के प्रतिनिधियों ने राज्यपाल रमेश बैस से मुलाकात की और किशोर पाटिल के खिलाफ कार्रवाई करने और संदीप महाजन को पुलिस सुरक्षा देने की मांग की। राज्यपाल से मिले प्रतिनिधिमंडल में एसएम देशमुख, दीपक कैतके, राजा अडाटे, भगवान परब आदि प्रमुख रूप से शामिल थे। इस अवसर पर अखिल भारतीय मराठी पत्रकार सम्मेलन, पत्रकार विरोधी हमला कार्रवाई समिति, टीवी पत्रकार संघ, मुंबई मराठी पत्रकार संघ, मुंबई प्रेस क्लब, मंत्रालय और विधिमंडल वार्ताहर संघ, बीयूजे, क्राइम रिपोर्टर एसोसिएशन, राजनीतिक फोटो पत्रकार संघ, म्हाडा पत्रकार संघ के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# विरार आरपीएफ ने दो मोबाइल चोरों को पकड़ा...

**वसई :** विरार रेलवे सुरक्षा बल ने मोबाइल चोर को पकड़कर उसे जीआरपी वसई के हवाले किया है। जिसमे 2 मोबाइल फोन चोरी की गुत्थी सुलझ गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, 9 अगस्त को आरपीएफ सी.पी. डी.एस टीम के एच.सी कैलाश जाधव सी.टी.राकेश तंवर व सी.टी प्रधान चौधरी ने विरार स्टेशन की निगरानी के दौरान विरार स्टेशन पर एक संदिग्ध व्यक्ति को हिरासत में लिया। दूसरी घटना ; आरपीएफ सीपीडीएस टीम ने विरार स्टेशन की निगरानी के दौरान विरार स्टेशन पर एक संदिग्ध बाहरी व्यक्ति को हिरासत में लिया,उससे पूछताछ की उसने भी मोबाइल चोरी करना स्वीकार किया।

# आत्महत्या करने जा रहे व्यक्ति की आरपीएफ ने बचायी जान...



**वसई :** नालासोपारा आरपीएफ की सूझ-बूझ के चलते एक 47 वर्षीय शख्स की जान बच गयी है। यह कार्रवाई आरपीएफ 'डिग्निटी ऑपरेशन' के तहत की गई है। आरपीएफ ने आदमी को उसके परिवार को सौंप दिया है।

मिली जानकारी के अनुसार, 9 अगस्त को समय करीबन 13:45 बजे एसएस/ एनसीपी की सूचना पर कांस्टेबल अनिल राठी केमी 56 वीआर की तरफ ट्रैक पर पहुंचकर एक व्यक्ति ट्रैक पर लेटा हुआ था उसको पकड़कर पोस्ट पर ले आये। आरपीएफ एएसआई महेंद्र यादव द्वारा पूछताछ करने पर नाम प्रवीण पालकर उम्र 47, निवासी- नालासोपारा पूर्व बताया। पूछताछ में आत्महत्या का कारण बार-बार आपस में झगड़ा होना व पारिवारिक कलह बताया है। बाद में उसके परिवार जनों को बुलाकर समझा बुझाकर घर भेजा गया।




# NCP नेता नवाब मलिक को सुप्रीम कोर्ट से राहत, दो महीने की मिली जमानत



**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गई है. उन्हें शीर्ष अदालत ने मेडिकल आधार पर दो महीने की अंतरिम जमानत दे दी है. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी नेता को प्रवर्तन निदेशालय ने भगोड़े आतंकवादी दाऊद इब्राहिम से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था. उनकी गिरफ्तारी 23 फरवरी 2022 को हुई थी और उन्हें जेल में रहते करीब डेढ़ साल हो गए हैं. जस्टिस अनिरुद्ध बोस और बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने स्पष्ट किया कि अंतरिम जमानत योग्यता के आधार पर नहीं बल्कि मेडिकल आधार पर दी जा रही है. कोर्ट ने आदेश में कहा है कि वह गुर्दे की बीमारी और अन्य बीमारियों के कारण अस्पताल में हैं. मुख्य याचिका पर 5 सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा दायर किया जाए और उसके बाद 3 सप्ताह में प्रत्युत्तर दाखिल किया जाए. कोर्ट ने कहा है कि वह मेडिकल शर्तों पर आदेश पारित कर रहे हैं और मेरिट्स दर्ज नहीं की गई है.

नवाब मलिक न्यायिक हिरासत में हैं और वर्तमान में मुंबई के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है. मलिक ने हाईकोर्ट से राहत की मांग करते हुए दावा किया था कि वह कई अन्य बीमारियों के अलावा क्रोनिक किडनी डिजीज से पीड़ित हैं. उन्होंने योग्यता के आधार पर जमानत की भी मांग की थी. दरअसल, एनआईए ने सबसे पहले गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम और शकील शेख बाबू मोइद्दीन उर्फ छोटा शकील, इब्राहिम मुश्ताक अब्दुल रज्जाक मेमन उर्फ टाइगर मेमन सहित उसके करीबी सहयोगियों के खिलाफ दर्ज मामले में नवाब मलिक को पीएमएलए के तहत गिरफ्तार किया गया था.

## नवाब मलिक पर लगे हैं ये आरोप

**ईडी का कहना है कि नवाब मलिक ने दाऊद की बहन हसीना पारकर के साथ मिलकर डील की थी और सितंबर 2005 में फर्जी पावर ऑफ अटॉर्नी का उपयोग करके कुर्ला में गोवावाला कंपाउंड को हड़पने के लिए उसके साथ साजिश रची थी. अपराध की आय को जमीन से किराया लेकर और अन्य इनकम के जरिए उगाही की गई. ईडी ने अपनी चार्जशीट में कहा है कि 15.99 करोड़ की राशि का इस्तेमाल आतंकी संगठनों के साथ सक्रिय सहयोग में आतंकी फंडिंग के लिए किया गया.**

# रेलवे का पुलिस कर्मी निकला लड़कियों को अश्लील मैसेज भेजने वाला, गिरफ्तार

## लड़कियों को अश्लील मैसेज के साथ ही विडियो कॉल पर परेशान करता था आरोपी, बना हुआ था शिक्षक

### भय एवं दहशत में लड़कियों ने कोचिंग जाना किया बंद !

**वसई :** पुलिस द्वारा नाबालिग लड़कियों के यौन शोषण का चौंकाने वाला मामला प्रकाश में आया है। यह पुलिसकर्मी नालासोपारा में पुलिस भर्ती प्रशिक्षण कक्षाएं संचालित कर रहा था। दोनों पीड़ित लड़कियों की शिकायत के आधार पर छेड़छाड़ और पॉक्सो के तहत मामला दर्ज कर पुलिसकर्मी और उसकी प्रेमिका को गिरफ्तार कर लिया गया है। आरोपी समाधान गावड़े (28) और उसकी प्रेमिका अनुजा शिगाड़े (25) वसई रेलवे पुलिस स्टेशन में कार्यरत हैं। गावड़े नालासोपारा में विजयी भव नामक पुलिस अकादमी चलाता है।उसके ऊपर क्लास में आने वाली दो पीड़ित लड़कियों ने नालासोपारा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई है। इस शिकायत के मुताबिक आरोपी



गावड़े लड़कियों को अश्लील मैसेज भेजता था व वीडियो कॉल कर अश्लील हरकतें करता था। पढ़ाने के नाम पर वह जानबूझकर इन लड़कियों के शरीर पर गलत जगह हाथ लगा रहा था। आरोपी अक्सर लड़कियों के पीछे-पीछे उनके घर जाता था और उन्हें घूमने के लिए बुलाता था। उसकी प्रेमिका अनुजा ने इस कृत्य का समर्थन करती थी। पीड़ित लड़की का व्हाट्सएप स्कैन किया और आरोपी गावड़े के साथ आपत्तिजनक बातचीत की थी। इन लड़कियों ने क्लास जाना बंद कर दिया। पीड़ित लड़कियों ने अपने परिवार को घटना के बारे में बताया और बुधवार को नालासोपारा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज कराई। इस शिकायत के आधार पर, नालासोपारा पुलिस ने आरोपी पुलिस समाधान गावड़े और उसकी प्रेमिका पुलिस कर्मचारी अनुजा शिंगाडे पर धारा 345, 354 (डी), यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम, 2022 (पॉस्को) की धारा 8, 12, 17 व सूचना प्रौद्योगिकी (संशोधन) अधिनियम की धाराएं। 66सी और 67ए के तहत मामला दर्ज किया गया है। पीड़ित लड़कियों के बयान के बाद आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर उन्हें गिरफ्तार कर लिया है।नालासोपारा पुलिस स्टेशन के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक विलास सुपे ने बताया कि इस मामले में यह जांच किया जा रहा है की और भी लड़कियों के साथ यौन शोषण किया है की नही।


## नवाब मलिक को जमानत मिलने पर अजित पवार गुट ने मनाया जश्न

**मुंबई :** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को एनसीपी नेता और पूर्व मंत्री नवाब मलिक को चिकित्सा आधार पर दो महीने की अंतरिम जमानत दे दी। ईडी ने भगोड़े गैंगस्टर दाऊद इब्राहिम और उसके सहयोगियों की गतिविधियों से कथित तौर पर संबद्ध मामले में नवाब मलिक को फरवरी 2022 में गिरफ्तार किया था। वे तकरीबन 1 साल 5 महीने बाद जेल से बाहर आए हैं। बाहर आने के बाद मलिक एनसीपी के किस गुट के साथ जाएंगे, इसे लेकर उत्सुकता बनी हुई है। अजित पवार गुट की तरफ से नवाब मलिक को जमानत मिलने पर जल्लोष मनाया गया। राकांपा कार्यालय के बाहर पटाखे फोड़कर और मिठाई बांटकर आंनद उत्सव मनाया गया।

# नागपुर से जबलपुर बुलाया, मारकर नदी में फेंका...सना खान का हत्यारा कौन?

**महाराष्ट्र :** महाराष्ट्र में नागपुर की पुलिस ने बीजेपी नेत्री सना खान की हत्या का खुलासा किया है. पुलिस ने दावा किया है कि सना खान की हत्या उसके कथित पति ने की है. पुलिस ने जबलपुर में ढाबा संचालित करने वाले आरोपी को गिरफ्तार किया है. आरोपी ने वारदात को कबूल करते हुए कहा कि उसने सना का शव नदी में फेंक दिया है. सना खान आरोपी से मिलने के लिए एक अगस्त को नागपुर से जबलपुर आई थी, लेकिन दो अगस्त की सुबह सुबह ही वह लापता हो गई.

फिलहाल नागपुर पुलिस आरोपी को जबलपुर की अदालत में पेश कर ट्रांजिट रिमांड पर नागपुर ले जाने की तैयारी कर रही है. पुलिस के मुताबिक नागपुर में रहने वाली सना खान बीजेपी की सक्रिय कार्यकर्ता थी और अल्पसंख्यक



मोर्चा में अहम जिम्मेदारी निभा रही थी. बताया जा रहा है कि जबलपुर में रहने वाले ढाबा संचालक अमित शाहू के साथ उसने कथित तौर पर शादी की थी. अमित से सना का कोई लेनदेन का विवाद भी चल रहा था. इसी विवाद के निपटारे के लिए अमित ने उसे एक अगस्त को जबलपुर बुलाया और उसकी हत्या कर दी. इस संबंध में सना के परिजनों ने पहले जबलपुर पुलिस में शिकायत दी थी, लेकिन जबलपुर पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की तो वापस लौट कर नागपुर पुलिस में शिकायत दी. नागपुर पुलिस ने शिकायत मिलने के 24 घंटे के अंदर ही वारदात का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी अमित शाहू को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस की पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसने सना की हत्या के बाद शव को नदी में फेंक दिया है.

इसलिए नागपुर पुलिस ने जबलपुर पुलिस की मदद से नदी में शव की तलाश शुरू कर दी है. पुलिस ने बताया कि आरोपी अमित शाहू को शनिवार को नागपुर की अदालत में पेश कर कस्टडी रिमांड पर लेने का प्रयास किया जाएगा. पुलिस ने बताया कि सना के परिजनों द्वारा घटनाक्रम की जो जानकारी दी गई, उससे पहले ही शक हो गया था कि वारदात अमित ने ही किया था.

# आई फ्लू के सबसे अधिक रोगी बुलढाणा में...राज्य में कुल के 3,57,265 रोगी

**मुंबई :** राज्य के कई हिस्सों में इन दिनों आई फ्लू यानी कंजेक्टिव वाइटिस के मरीजों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। आंखों का यह रोग एडेनो वायरस के कारण होता है। यह हल्का संक्रामक रोग है। इस रोग में आम तौर पर मरीजों की आंख लाल होना, बार-बार आंसू निकलना और आंखों में सूजन आ जाती है। राज्य में आई फ्लू के 3,57,265 रोगी मिले हैं। सबसे अधिक रोगी 44398 रोगी बुलढाणा जिले में है, जबकि उल्हासनगर में सबसे कम 20 मरीज मिले हैं। मुंबई में आंख के रोगियों की संख्या 2862 है। चूंकि यह बीमारी एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में तेजी से फैलती है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने बार-बार हाथ धोने, व्यक्तिगत



स्वच्छता बनाए रखने, डॉक्टर की सलाह के अनुसार उचित उपचार लेने, आंखों को छूने से बचने की अपील की है। स्वास्थ्य विभाग के माध्यम से एहतियात के तौर पर जिस क्षेत्र में आंखों में संक्रमण हो रहा है, वहां घर-घर जाकर सर्वे किया जा रहा है। सभी जिलों के लिए स्वास्थ्य शिक्षा का प्रोटोटाइप तैयार कर लिया गया है। सभी स्वास्थ्य संस्थानों में बीमारियों के इलाज के लिए आवश्यक दवाएं उपलब्ध कराई गई हैं। नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ वायरोलॉजी और राज्य की रैपिड रिस्पांस टीम ने आलंदी में संक्रमण फैलने की जांच की है।



# अधीर रंजन चौधरी के निलंबन पर 'इंडिया' ने निकाला मार्च

- **सोनिया-राहुल सहित विपक्ष के कई नेता शामिल, लोकसभा से किया वॉकआउट**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** मानसून सत्र के आखिरी दिन शुक्रवार को संसद में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी का सस्पेंशन हो गया। इसके विरोध में विपक्ष के नेताओं ने दोनों सदनों में हंगामा किया। इंडिया के सांसदों ने लोकसभा की कार्यवाही का बहिष्कार करने का फैसला लिया। बाद में सदन की कार्यवाही को अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दिया गया। इसके बाद दोपहर डेढ़ बजे विपक्षी सांसदों ने संसद परिसर में मार्च निकाला। इस प्रदर्शन में सोनिया गांधी, राहुल गांधी समेत सभी विपक्षी सांसद शामिल हुए। उधर, राज्यसभा में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष अधीर रंजन चौधरी के सस्पेंशन का मुद्दा उठा। इधर, राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ ने एएपी सांसद राघव चड्ढा को निलंबित कर दिया है। सांसद संजय सिंह का निलंबन भी बढ़ा दिया गया है। अधीर रंजन समेत तीनों सांसद विशेषाधिकार समिति की रिपोर्ट आने तक निलंबित रहेंगे। राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने विपक्षी सदस्यों के निलंबन का मुद्दा उठाया। हाथ जोड़ते हुए सभापति जगदीप धनखड़ से कहा, प्लीज मेरा माइक बंद न करें। दरअसल, जैसे ही खड़गे बोलने के लिए उठे सभापति उन्हें रोकने लगे।

## नवाब मलिक को सुप्रीम कोर्ट से राहत दो महीने की मिली जमानत



नई दिल्ली : महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री नवाब मलिक को सुप्रीम कोर्ट से राहत मिल गई है. उन्हें शीर्ष अदालत ने मेडिकल आधार पर दो महीने की अंतरिम जमानत दे दी है. राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (छउझ) नेता को प्रवर्तन निदेशालय (ए्) ने भगोड़े आतंकवादी दाऊद इब्राहिम से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में गिरफ्तार किया था. उनकी गिरफ्तारी २३ फरवरी २०२२ को हुई थी और उन्हें जेल में रहते करीब डेढ़ साल हो गए हैं.जस्टिस अनिरुद्ध बोस और बेला एम त्रिवेदी की पीठ ने स्पष्ट किया कि अंतरिम जमानत योग्यता के आधार पर नहीं बल्कि मेडिकल आधार पर दी जा रही है. कोर्ट ने आदेश में कहा है कि वह गुर्दे की बीमारी और अन्य बीमारियों के कारण अस्पताल में हैं. मुख्य याचिका पर ५ सप्ताह के भीतर जवाबी हलफनामा दायर किया जाए और उसके बाद ३ सप्ताह में प्रत्युत्तर दाखिल किया जाए. कोर्ट ने कहा है कि वह मेडिकल शर्तों पर आदेश पारित कर रहे हैं और मेरिट्स दर्ज नहीं की गई है.नवाब मलिक न्यायिक हिरासत में हैं और वर्तमान में मुंबई के एक निजी अस्पताल में उनका इलाज चल रहा है. मलिक ने हाईकोर्ट से राहत की मांग करते हुए दावा किया था कि वह कई अन्य बीमारियों के अलावा क्रोनिक किडनी डिजीज से पीड़ित हैं.

## चच्चू अभी से तय कर लो अपना रास्ता, आपके साथ हुआ अन्याय

- **शिवपाल का बहाना, अखिलेश पर निशाना ; विधानसभा में गरजे सीएम योगी**

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी विधानसभा मॉनसून सत्र का सबसे हंगामेदार दिन शुक्रवार रहा। आज नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव और सीएम योगी के भाषण पर पूरे प्रदेश की नजर थी। पहले अखिलेश यादव बोले। उन्होंने सीएम के सामने सरकार पर आरोपों की झड़ी लगा दी। इसके बाद जब सीएम योगी आदित्यनाथ ने बोलना शुरू किया तो बिंदुवार ढंग से एक-एक कर अखिलेश के सभी आरोपों का जवाब दिया। इस दौरान उन्होंने शिवपाल के बहाने तंज कसा तो पूरा सदन ठहाकों से गूंज उठा। सीएम ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव में सपा का खाता भी नहीं खुलने वाला है। शिवपाल की ओर इशारा करते



हुए उन्होंने कहा, चच्चू अभी से रास्ता तय कर लो अपना। सीएम ने हाल में एनडीए में दोबारा शामिल हुए सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर का नाम लिए बगैर कहा कि अपने मित्र को ही देखिए।

अखिलेश यादव ने अपने भाषण में आवारा पशुओं और टमाटर की महंगाई के मुद्दे पर सरकार को घेरा थी। सीएम योगी ने इसका जवाब देते हुए अखिलेश पर पलटवार किया। उन्होंने कहा कि मुझे नेता विरोधी दल के भाषण को सुनकर यही लगा कि 2014, 2017, 2019 और 2022 का जनादेश हमें यों ही नहीं मिला। उन्होंने कहा कि जिस सांड की आप बात कर रहे हैं न, वो खेतीबाड़ी का पार्ट होता है। आपके जमाने में ये (सांड) बूचड़खाने के हवाले होते थे। हमारे समय में ऐसा नहीं है। सीएम ने तंज कसते हुए कहा कि कुछ लोग जन्म से चांदी के चम्मच में खाते हैं। वे गरीब और किसान की पीड़ा को क्या समझेंगें। चार बार जनता ने जनादेश हम लोगों को ऐसा नहीं दिया है। उन्होंने कहा कि नेता विरोधी दल को जमीनी हकीकत की कोई जानकारी नहीं है। कुछ लोग अपने कालखंड को नहीं देखते हैं। सीएम योगी ने शिवपाल का जिक्र कई बार किया।

## राहुल कुंवारे कोई भी लड़की शादी को तैयार

### बिहार के नवादा से कांग्रेस एमएलए नीतू सिंह ने दिया नया बयान

**स्मृति ईरानी पर भड़कीं कांग्रेस विधायक नीतू सिंह, बताया बूढ़ी महिला**



**पटना (एजेंसी)।** केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी ने लोकसभा में राहुल गांधी पर 'फ्लाइंग किस' के आरोप लगाए। जिसे लेकर संसद में हंगामा तो देखने को मिला ही है। इसी बीच नवादा के हिसुआ से कांग्रेस विधायक नीतू सिंह ने स्मृति ईरानी पर भी करारा अटैक किया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को लड़कियों की कमी थोड़ी ना है। फिर वो 50 साल की बूढ़ी महिला को फ्लाइंग किस क्यों करेंगे। उनके इस बयान पर बिहार में हंगामा बढ़ने लगा तो एनबीटी ऑनलाइन की टीम ने उनसे बात की। इस दौरान खास बातचीत में उन्होंने कहा कि वो अपने बयान पर कायम हैं। हालांकि, उन्होंने ये भी जोड़ा कि अगर किसी को उनके बयान ठेस पहुंची तो वो इसके लिए माफी मांगती हैं। कांग्रेस विधायक नीतू सिंह ने कहा कि आखिर स्मृति ईरानी हमेशा राहुल गांधी पर क्यों आरोप लगाती हैं। सदन में गंभीर मुद्दे पर चर्चा चल रही। मणिपुर की घटना है उस पर उन्हें कमेंट करना चाहिए। संस्कार की बात स्मृति ईरानी करती हैं। पीएम मोदी जब सोनिया गांधी को लेकर 'जर्सी गाय' 'विधवा महिला' जैसे कमेंट करते हैं तो उस समय महिलाओं का अपमान नहीं होता है। नीतू सिंह ने कहा कि मैं तो यही मानती हूं कि फ्लाइंग किस का कोई मामला ही नहीं है। मेरे नेता ने किसी को फ्लाइंग किस दिया ही नहीं है। मेरे नेता कुंवारे हैं, अभी उनको शादी का मन होगा तो भारत देश में लड़कियों की कमी नहीं है। फिर स्मृति ईरानी जिनकी उम्र 50 साल है उन पर फ्लाइंग किस का कोई मामला ही नहीं है। नीतू सिंह ने कहा कि मैं किसी का अपमान नहीं कर रही, लेकिन अपने बयान पर कायम हूं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी कुंवारे हैं। उनको कोई भी लड़की दे देगा। इसमें कोई शक है क्या। 30-40 साल की उम्र की लड़कियां उनसे शादी करने के लिए तैयार हो जाएंगी। वहीं अपने 50 साल वाले बयान बयान पर उन्होंने कहा कि अगर किसी को इससे कष्ट हुआ है तो वो माफी मांगती हैं।

## दिल्ली के स्कूलों में अब फोन नहीं चला सकेंगे बच्चे

### इमरजेंसी के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी होंगे ;

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली सरकार ने स्कूलों में मोबाइल फोन के इस्तेमाल पर बैन लगा दिया है। गुरुवार को दिल्ली सरकार ने एक एडवाइजरी जारी करते हुए कहा कि पेरेंट्स यह सुनिश्चित करें कि उनके बच्चे स्कूल में मोबाइल फोन लेकर न आएं। अगर बच्चे स्कूल में फोन लेकर आते है तो यह स्कूल मैनेजमेंट की जिम्मेदारी है कि उनके मोबाइल फोन को सुरक्षित रूप से लॉकर में रखवाएं। इसके अलावा स्कूलों को एक इमरजेंसी हेल्पलाइन नंबर भी जारी करना होगा, जिससे इमरजेंसी की स्थिति में स्टूडेंट्स अपने पेरेंट्स से बात कर सकें।

## मरीजों के दुर्व्यवहार पर इलाज से इनकार कर सकेंगे डॉक्टर्स

**मारपीट पर भी नहीं मिलेगा ट्रीटमेंट; नेशनल मेडिकल कमीशन ने जारी किए नियम**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** डॉक्टरों के खिलाफ हो रही हिंसा की घटनाओं को रोकने के लिए नेशनल मेडिकल कमीशन ने नोटिफिकेशन जारी किया है। इसमें डॉक्टरों की सुरक्षा को लेकर कहा गया कि रजिस्टर्ड मेडिकल प्रैक्टिसनर्स उन मरीजों या रिश्तेदारों का इलाज करने से इनकार कर सकते हैं, जो डॉक्टरों के साथ गाली-गलौज, मारपीट व हिंसा करने पर उतारू हो जाते हैं। एनएमसी को जारी नोटिफिकेशन में ये भी कहा गया है कि मरीजों के अभद्र आचरण के खिलाफ डॉक्टर नेशनल मेडिकल कमीशन से शिकायत भी कर सकते हैं, ताकि मरीज को इलाज के लिए कहीं और भी रेफर कर दिया जाएगा। ये नियम मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया के मेडिकल एथिक्स कोड 2002 की जगह लेंगे। यह पहली बार होगा जब डॉक्टरों को ऐसे मरीजों के इलाज करने से इनकार करने का अधिकार मिलेगा। एनएमसी के नोटिफिकेशन में कहा गया है कि इमरजेंसी केस को छोड़कर डॉक्टर ये तय करने के लिए स्वतंत्र है कि वह किस मरीज का इलाज करें। एनएमसी की मरीजों के प्रति जवाबदेही है साथ ही उनकी उपेक्षा करने से बचना चाहिए।

# अमेजन इंडिया का 66,000 करोड़ रुपए से अधिक के निर्यात में योगदान

**नई दिल्ली एजेंसी।** ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन इंडिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने कुल 62 लाख सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (एमएसएमई) को डिजिटल करने के साथ आठ अरब डॉलर के निर्यात को भी सक्षम बनाया है। कंपनी ने एक बयान में कहा कि उसने रोजगार सृजन, निर्यात और एमएसएमई के डिजिटलीकरण के प्रमुख फोकस क्षेत्रों के लिए अपने 2025 संकल्प के तहत 20 लाख नौकरियों में से 13 लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियां सृजित की हैं। उसने कहा कि अमेजन अपने वादों को पूरा करने की राह पर अग्रसर है।




कंपनी ने कहा कि पिछले एक साल में उसने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी), ई-कॉमर्स, विनिर्माण, सामग्री निर्माण और कौशल विकास जैसे उद्योगों में लगभग 1.4 लाख प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा करने में मदद की है। वर्ष 2021 में शुरू हुआ अमेजन संभव वेंचर फंड 25 करोड़ डॉलर का कोष है जो प्रौद्योगिकी, कृषि और स्वास्थ्य सहित अन्य क्षेत्रों में स्टार्टअप पर केंद्रित है। अमेजन ने कहा कि इस कोष ने पिछले 24 महीनों में फ्रेशटुहोम, हॉपस्कॉच, कैशीफाई, स्मालकेस और माईग्लैम जैसे स्टार्टअप में निवेश किया है।

# 59 हजार रुपए के नीचे पहुंची सोने की कीमत, चांदी के भाव भी लुढ़के

**नई दिल्ली एजेंसी।** सोने की कीमतों में गिरावट देखने को मिल रही है। सोना जो अभी तक 59 हजार रुपए प्रति 10 ग्राम के ऊपर चल रहा था अब 59 हजार के नीचे कारोबार कर रहा है। चांदी की कीमतों में भी आज गिरावट देखी जा रही है। अगर आप सोना खरीदने की सोच रहे हैं तो इसके लेटेस्ट रेट जरूर चेक कर लें। एमसीएक्स एक्सचेंज पर शुक्रवार की सुबह 5 अक्टूबर 2023 को डिलीवरी वाला सोना 58800 रुपए प्रति 10 ग्राम पर खुला है। यह गुरुवार की शाम को 58853 रुपए के भाव पर बंद हुआ था। सोना अब 58 हजार के करीब पहुंच रहा है। चांदी की कीमतों में शुक्रवार की सुबह गिरावट देखी जा रही है। एमसीएक्स पर शुक्रवार की सुबह 5 सितंबर



2023 को डिलीवरी वाली चांदी का भाव गिरावट के साथ 70050 रुपए प्रति किलोग्राम के भाव पर खुला है। वहीं 5 दिसंबर 2023 को डिलीवरी वाली चांदी का भाव गिरकर 71419 रुपए प्रति किलोग्राम पर खुला है। सोने की वैश्विक कीमतों में शुक्रवार को मिलाजुला असर देखने को मिल रहा है। कॉमेक्स पर सोने का वैश्विक वायदा भाव 0.19 फीसदी या 3.70 डॉलर की गिरावट के साथ 1,945.20 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा। वहीं, सोने का वैश्विक हाजिर भाव बढ़त के साथ 1913.09 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करता दिखा।

कॉमेक्स पर चांदी का वैश्विक वायदा भाव में शुकवार को गिरावट देखी जा रही है। कॉमेक्स पर शुक्रवार की सुबह चांदी 0.46 फीसदी या 0.11 डॉलर की गिरावट के साथ 22.72 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करती दिखी। वहीं, चांदी की वैश्विक हाजिर कीमत भी गिरावट के साथ 22.67 डॉलर प्रति औंस पर ट्रेड करती दिखी।

# वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कर्ज में डूबे देशों की मदद का किया आह्वान

**मुंबई एजेंसी।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने ऐसे समय में कर्ज में डूबे देशों की मदद के लिए अमीर देशों के नेतृत्व में ठोस वैश्विक प्रयासों का शुक्रवार को आह्वान किया, जब बहुपक्षवाद सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है। वित्त मंत्रालय और रिजर्व बैंक द्वारा आयोजित जी20 के एक सत्र को ऑनलाइन संबोधित करते हुए सीतारमण ने कहा, ''हमने हाल के वर्षों में इतनी बड़ी चुनौतियां कभी नहीं देखीं। सीतारमण ने कहा कि भारत ने यह सुनिश्चित किया है कि भू-राजनीतिक मतभेद अंतरराष्ट्रीय सहयोग को प्रभावित न करें तथा यही जी20 समूह और शिखर सम्मेलन की मुख्य अवधारणा है। उन्होंने कहा कि भारत की जी20 अध्यक्षता ने वैश्विक ऋण कमजोरियों के प्रबंधन को बहुत महत्व दिया है जिसका आज कई देश सामना कर रहे हैं।

# सिप्ला से बाहर होंगे कंपनी के मालिक? दवा फर्म के चेयरमैन ने बताया सच

**मुंबई, एजेंसी।** फार्मा सेक्टर की दिग्गज कंपनी सिप्ला में अपनी हिस्सेदारी बिक्री की खबरों पर चेयरमैन यूसुफ हामिद ने प्रतिक्रिया दी है। कंपनी की 87वीं वार्षिक आम बैठक के दौरान हामिद ने कहा, ÷मैं सिप्ला के चेयरमैन के रूप में आपको सूचित करना चाहता हूं कि आप जो भी खबरें सुन रहे हैं वह अटकल है। इसके लिए सभी स्पष्टीकरण स्टॉक एक्सचेंज को दिए गए हैं। एक्सचेंज को जो जानकारी दी गई है वह पब्लिक डोमेन में है। हामिद की यह प्रतिक्रिया उन रिपोर्टों के बाद आई हैं जिनमें कहा गया है कि सिप्ला के प्रमोटर परिवार ब्लैकस्टोन और बैरिंग एशिया सहित निजी इक्विटी प्लेयर्स को कंपनी में अपनी 33.47 प्रतिशत हिस्सेदारी बेचने की योजना बना रहे हैं। बता दें कि 30 जून 2023 तक प्रमोटर्स के पास सिप्ला लिमिटेड में 33.4 प्रतिशत हिस्सेदारी थी। वहीं, सिर्फ चेयरमैन यूसुफ हामिद की 18.68 प्रतिशत हिस्सेदारी है।



एक्सचेंज से कंपनी ने क्या कहा-बता दें कि फार्मा कंपनी ने स्टॉक एक्सचेंज के सामने ऐसी किसी भी खबर से इनकार किया है। 27 जुलाई को सिप्ला ने बताया- हम स्पष्ट करते हैं कि कंपनी को किसी भी घटना की जानकारी नहीं है। जब भी कोई जरूरत होगी, कंपनी लिस्टिंग नियमों के अनुपालन में उचित खुलासा करेगी। 88 साल पहले बनाई थी कंपनी- सिप्ला की नींव ख्वाजा अब्दुल हामिद ने साल 1935 में रखी थी। 1972 में पिता के निधन के बाद यूसुफ हामिद और उनके भाई मुस्तफा ने कारोबार को संभाला।


# ब्रिटेन-ईयू जाने वाले हर्बल फूड सप्लिमेंट का निर्यात संकट में, इस संगठन ने पीएम से मांगी मदद

**नई दिल्ली एजेंसी।** भारत से ब्रिटेन और यूरोपीय यूनियन जाने वाले हर्बल फूड सप्लिमेंट का निर्यात अब संकट में फंसा है। बीते 31 जुलाई को नियमों में बदलाव के चलते बीते 10 दिन से दिल्ली, मुंबई और बैंग्लोर के हवाईअड्डों पर पड़ा है। इसे लेकर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के लघु उद्योग भारती संगठन ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मदद मांगते हुए नियमों पर फिर से विचार करने के लिए पत्र लिखा है। संगठन के अनुसार, देश में हर साल 500 करोड़ रुपये से ज्यादा के हर्बल उत्पादों का निर्यात किया जाता है जिसका बड़ा हिस्सा यूरोप और ब्रिटेन को जाता है।



जानकारी के अनुसार, विदेश व्यापार महानिदेशालय ने भारत से ब्रिटेन और यूरोपीय यूनियन जाने वाले सामान को प्रमाणित करने वाली लैब में बदलाव किया है। मनुष्यों और जानवरों के इस्तेमाल में लाए जाने वाले उत्पादों को निर्यात समीक्षा आयोग यानि ईआईसी स्वीकृत लैब के माध्यम से सर्टिफिकेट लेना अनिवार्य कर दिया है। पिछले माह तक यह सर्टिफिकेट शेफेक्सिल यानि शेलैक एंड फॉरेस्ट प्रोडक्ट्स एक्सपोर्ट प्रमोशन काउंसिल की ओर से जारी किए जा रहे थे। पीएम नरेंद्र मोदी और वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल को लिखे पत्र में लघु उद्योग भारती के राष्ट्रीय अध्यक्ष बलदेव भाई प्रजापति ने कहा है कि इस आदेश से ब्रिटेन और यूरोपीय यूनियन के देशों में निर्यात किया जाने वाला सैकड़ों करोड़ रुपए का माल फंस गया है। उन्होंने लिखा है कि सरकार को अपने फैसले पर फिर से विचार करते हुए राहत देने के बारे मे सोचना चाहिए और पुरानी व्यवस्था को ही जारी रखना चाहिए। संगठन ने यह भी कहा है कि अगर सरकार ने जल्द ही कोई फैसला नहीं लिया तो न केवल निर्यातकों बल्कि इस दिशा में लगे कृषि क्षेत्र के लोगों को भी बड़ा नुकसान होने की आशंका है।

# अडानी ग्रुप ने कर दिया बड़ा ऐलान, 50 अरब डॉलर के प्रोजेक्ट पर अकेले आगे बढ़ने को तैयार



**नई दिल्ली एजेंसी।** अरबपति गौतम अडानी का समूह 50 अरब डॉलर की ग्रीन हाइड्रोजन प्रोजेक्ट पर अकेले आगे बढ़ने के लिए तैयार है। कंपनी के फ्रांसीसी साझेदार टोटलएनर्जीज एसई ने समूह पर धोखाधड़ी के आरोपों के बाद अपना निवेश रोक दिया है।

यह भी पढ़ें: आईपीओ का कमाल, 2 बोनस शेयर दे चुकी है कंपनी, 8 गुना बढ़ा निवेशकों का पैसा अडानी समूह के मुख्य वित्त अधिकारी (सीएफओ) रॉबी सिंह ने पिछले सप्ताह अडानी एंटरप्राइजेज के पहली तिमाही के नतीजों की घोषणा के मौके पर निवेशकों के साथ बातचीत में कहा कि यह परियोजना टोटल एनर्जीज की इक्विटी पर निर्भर नहीं है और समूह फ्रांसीसी दिग्गज के साथ या उसके इंवेस्टमेंट के बिना साथ आगे बढ़ रहा है। सिंह ने परियोजना उस इक्विटी पर निर्भर नहीं है और हम प्रोजेक्ट पर उसी गति से आगे बढ़ रहे हैं। टोटल एनर्जीज ने पिछले साल अडानी न्यू इंडस्ट्रीज लिमिटेड (एएनआईएल) में 25 प्रतिशत हिस्सेदारी लेने पर सहमति व्यक्त की थी, जो ग्रीन हाइड्रोजन प्रोजेक्ट का निर्माण कर रही है।

## हिंडनबर्ग रिपोर्ट के बाद टोटल एनर्जीज ने निवेश को रोका

हिंडनबर्ग रिसर्च ने गत 24 जनवरी को अडानी पर शेयरों की कीमतों में हेराफेरी करने और खातों में धोखाधड़ी का आरोप लगाया था। इसके बाद फरवरी में फ्रांसीसी कंपनी ने आरोपों की जांच पूरी होने तक चार अरब डॉलर के निवेश को रोक दिया था। सिंह ने कहा, यह प्रोजेक्ट उनकी इक्विटी पर निर्भर नहीं है और हम इस प्रोजेक्ट पर उसी रफ्तार से आगे बढ़ रहे हैं। सिंह ने कहा कि टोटलएनर्जीज के साथ सहमति ज्ञापन (एमओयू) अब भी कायम है। हालांकि, उन्हें अपनी जांच-परख को पूरा करना है।

# कंपनी ने बनाया रिकॉर्ड, 2023 में सबसे ज्यादा सब्सक्राइब हुआ आईपीओ

**नई दिल्ली एजेंसी।** मसाला और आटा बेचने वाली कंपनी श्रीवारी स्पाइसेज एंड फूड्स ने अपने नाम एक रिकॉर्ड दर्ज करवा लिया है। बता दें कि कंपनी का आईपीओ साल 2023 का सबसे अधिक सब्सक्राइब होने वाला आईपीओ बन गया है। कंपनी 9 करोड़ रुपए जुटाने के लिए अपना आईपीओ लेकर आई थी लेकिन इसको निवेशकों से 2,700 करोड़ की बोलियां हासिल हुईं। निवेशकों से मिली इस बेहतरीन प्रतिक्रिया से मार्केट से जुड़े लोगों को हैरानी में डाल दिया है। बता दें कि इश्यू को सब्सक्रिप्शन के अंतिम दिन 418.5 गुना सब्सक्राइब किया गया।




ऑफर के लिए प्राइस बैंड 40-42 रुपए प्रति शेयर था। एनएसई के पास उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार, निवेशकों ने 15.36 लाख इक्विटी शेयरों की पेशकश के आकार के मुकाबले 64.27 करोड़ इक्विटी शेयरों के लिए बोली लगाई है, जिसके परिणामस्वरूप 418.46 गुना सब्सक्रिप्शन मिला है। इससे 9 करोड़ रुपए के इश्यू को लगभग 2,700 करोड़ रुपए की बोलियां प्राप्त हुईं।

इस ऑफर में खुदरा निवेशकों से अधिकतम 36.98 करोड़ इक्विटी शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुई हैं, इसके बाद हाई नेटवर्थ वाले व्यक्तियों से 24.06 करोड़ शेयरों के लिए और योग्य संस्थागत खरीदारों से 3.22 करोड़ शेयरों के लिए बोलियां प्राप्त हुई हैं। आंकड़ों के अनुसार, चालू कैलेंडर वर्ष में लॉन्च किए गए एसएमई आईपीओ के बीच यह सबसे अधिक सब्सक्रिप्शन प्राप्त करने वाला आईपीओ बन गया है। श्रीवारी फूड्स के शेयर 18 अगस्त को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज ऑफ इंडिया लिमिटेड के प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे। श्रीवारी स्पेस आईपीओ के जरिए जुटाए गए फंड का इस्तेमाल कंपनी की वर्किंग कैपिटल जरूरतों को पूरा करने के लिए करेगी। कंपनी ने अपने ड्राफ्ट पेपर में बताया कि एफवाय 21-23 के दौरान कंपनी के ऑपरेशन से उसका राजस्व 77.25 फीसदी सीएजीआर की दर से बढ़ा है। इसका नेट प्रॉफिट 198 फीसदी सीएजीआर की स्पीड से बढ़ा है। श्रीवारी मिर्च पाउडर, धनिया पाउडर, गरम मसाला, सांभर मसाला, चक्की आटा सहित कई तरह के मसाले बेचती है। ये सभी सामान श्रीवारी ब्रांड के अंदर ही है। कंपनी के अनुसार, यह सारे प्रोडक्ट्स को कंपनी देश भर के किसानों से सीधे प्राप्त करती है और बिना किसी मिडियेटर का सहारा लिए सीधे कस्टमर्स को सेल करती है। इस तरह कंपनी कस्टमर्स को कॉस्ट कंपीटीटिव और किफायती प्रोडक्ट्स बेचती है। कंपनी के पास दो यूनिट हैं। एक मसाले की और दूसरी आटा की। श्रीवारी को एफवाय23 में मसालों ने राजस्व में दो-तिहाई योगदान दिया। वहीं बाकी का योगदान गेहूं के आटे से आया।




# अभिनय काफी कुछ सिखा देता है - विद्या बालन



**जब** फिल्म इंडस्ट्री में कोई नया-नया आता है तो उसे लोगों को समझने में दिक्कत होती है। समझ नहीं आता है कि किस पर भरोसा करें किस पर नहीं। लोगों की नीयत पर भी शक होता है। मिशन मंगल फिल्म की अभिनेत्री की माने तो शुरूआती दौर में उन्हें भी लोग आसानी से समझ में नहीं आते थे।

सितारे अक्सर कहते हैं कि जीवन में नए-नए अनुभव पाने के लिए वह ट्रैवल करते हैं। अलग-अलग लोगों के साथ फिल्में करते हैं, ताकि वह नई चीजें सीख पाएं, नया नजरिया बना पाएं। काम करते-करते इस इंडस्ट्री के लोगों को लेकर समझ भी बढ़ जाती है।

हालांकि जब फिल्म इंडस्ट्री में कोई नया-नया आता है, तो उसे लोगों को समझने में दिक्कत होती है। समझ नहीं आता है कि किस पर भरोसा करें, किस पर नहीं। लोगों की नीयत पर भी शक होता है। मिशन मंगल फिल्म की अभिनेत्री विद्या बालन की माने तो शुरूआती दौर में उन्हें भी लोग आसानी से समझ में नहीं आते थे, लेकिन इंडस्ट्री में धीरे-धीरे काम करते वह अब लोगों की नीयत समझने लगी हैं।

जब विद्या से पूछा गया कि वह अब लोगों की नीयत समझने में कितनी तेज हो गई हैं? इस पर दैनिक जागरण से बातचीत में विद्या कहती हैं कि अभिनय हमें काफी कुछ सिखा देता है, क्योंकि बतौर कलाकार हमें अपनी जिंदगी में कई अलग-अलग तरह के किरदारों की जिंदगी को जीने का मौका मिलता है।

इसके साथ ही आप वह जिंदगी भी जी रहे होते हैं, जो आपकी अपनी है। पर्दे के पीछे भी कई लोगों से मिलना-जुलना होता है। सेट पर अलग-अलग तरह के लोग होते हैं, जिनसे हमारी बातचीत होती है। उनके अनुभवों से भी काफी कुछ सीखती हूं। इन चीजों से मेरी भी समझ बेहतर होती है।

# आलिया ने इंडियन का दिल जीता



**आलिया** भट्ट की डेब्यू हॉलीवुड फिल्म हार्ट ऑफ स्टोन आज दर्शको के बीच आ चुकी है और फिल्म के एक्शन सीन्स देखने वालो के दिलो को जीत रहे है। यह एक जासूसी मारधाड़ मूवी है जिसे टॉम हार्पर ने डायरेक्शन दिया है। फिल्म में गैल गैडोट, जेमी डॉर्नन और आलिया भट्ट मेन रोल प्ले कर रहे है। आलिया बॉलीवुड की नामचीन एक्ट्रेस तो है ही लेकिन अब वो हॉलीवुड में भी अच्छा अभिनय करती दिख रही है। फिल्म की स्टारकास्ट ने तो दर्शको का मन जीत लिया है लेकिन कहानी थोड़ी कमजोर पड़ती दिखी।

फिल्म को आज के दिन यानी 11 अगस्त को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर रिलीज कर दिया गया है। इस फिल्म की स्टोरी इंटरनेशनल जासूस एजेंट राहेल स्टोन के द्वारा 'द हार्ट' की तरह प्रसिद्ध मिस्टिक मैकगफिन की सुरक्षा के जानलेवा मिशन से शुरू होती है। इसे दुश्मनो से बच्चें के लिए स्टोन को चार्टर की तरह से सौपा जाता है। इस फिल्म में आलिया को एक विलेन की भूमिका मिली है और गैल गैडोट सीक्रेट एजेंट की भूमिका में दिखे है। इस फिल्म में जानदार संवाद भी मौजूद है। विलेन की तरह से आलिया ने दर्शको का दिल जीता है।

सोशल मिडिया पर फिल्म को लेकर लोगो के मिले जुले से रिएक्शन आ रहे है। कुछ लोगो को आलिया और गैडोट की जोड़ी काफी अच्छी लगी है, वही कुछ ने इस मूवी को प्रियंका चोपड़ा की वेब सीरीज जैसा कहा है। वैसे पूरी मूवी को सोशल मीडिया पर कोई खास रिव्यु तो नहीं मिल पा रहे है किन्तु इंडियन फैंस को हार्ट ऑफ स्टोन में आलिया भट्ट का रोल आकर्षित कर रहा है। लेकिन कुछ के अनुसार इस फिल्म को झेलना भी मुश्किल हो रहा है।

फिल्म में गैल गैडोट एक अंडरकवर एजेंट के रोल में दिख रहे है जोकि अपने जोड़ीदार पार्कर (जेमी डोरनन) की मदद से खुफिया हैकर (आलिया भट्ट) को नाकाम करने का काम करते है। वैसे फिल्म के ट्रेलर से ज्यादा एक्शन सीन्स दर्शको को फिल्म में देखने को मिल रहे है। यह फिल्म सीधा दिखाती है कि एक लड़की भी सिक्योरिटी एजेंसी के लिए सिरदर्द बन जाती है। फिल्म की शूटिंग लन्दन, आइसलैंड, पुर्तगाल और इटली में होने के कारण अच्छे लोकेशन के सीन्स देती है। एक थ्रिलर स्टोरी वाली फिल्म की कहानी आर्टिफिशल इंटेलिजेंस एवं ग्लोबल जासूसी एजेंसी पर फोकस करती है।



# वीरे दी वेडिंग को विशेष फिल्म मानते हैं एकता और रिया

**लोकप्रिय** और हिट रही फिल्मों की कहानी को सीक्वल के तौर पर आगे बढ़ाने और उनकी लोकप्रियता का फायदे उठाने का चलन इन दिनों हिंदी सिनेमा में जोरों पर है। आगामी सीक्वल फिल्मों की सूची में अब साल 2018 में प्रदर्शित फिल्म वीरे दी वेडिंग का नाम भी जुड़ गया है। करीना कपूर, सोनम कपूर, शिखा तल्सानिया और स्वरा भास्कर अभिनीत इस फिल्म को अनिल कपूर की बेटी रिया कपूर ने निमार्ता एकता कपूर के साथ मिलकर प्रोड्यूस किया था। अब रिया और एकता इसकी सीक्वल वीरे दी वेडिंग 2 के साथ भी तैयार हैं। सिनेमाई गलियारों की रिपोर्ट्स के अनुसार, एकता और रिया दोनों ही वीरे दी वेडिंग को अपने लिए विशेष फिल्म मानते हैं। इस फिल्म की सीक्वल को लेकर उन्होंने अपनी योजनाएं पहले से ही तय कर ली है। सीक्वल के लिए और पात्र तय कर लिए गए हैं। हालांकि इसकी पटकथा लेखन पर काम चल रह फिल्म का अंतिम ड्राफ्ट आगामी कुछ महीनों में तैयार हो जाएगा। जिसके बाद इसकी कास्टिंग और शेड्यूलिंग से जुड़ी चीजों पर काम होगा। अगर सब कुछ ठीक रहा, तो अगले साल से इस फिल्म की शूटिंग भी शुरू हो सकती है।' अब यह देखना दिलचस्प होगा कि सोनम यह फिल्म कैसे करती हैं? क्योंकि हाल ही में उन्होंने घोषणा किया कि अब वह साल में सिर्फ दो और परिवार के साथ देखने लायक फिल्में ही करेंगी।



मालिक, मुद्रक,प्रकाशक ,संपादक फैसल शेख ने सोमानी प्रिंटिंग प्रेस , गाला नं 3 - 4 ,अमीन इंडस्ट्रियल इस्टेट ,सोनावला क्रॉस रोड नं 12 ,गोरगांव ( पूर्व ),मुंबई 63 से छपवाकर रूम नं 15 रमजान बिन 17 सी वंजावडी, माहिम वेस्ट मुंबई :4000 16 से प्रकाशित किया। संपर्क कार्यालय : 1 -ए, ग्राउंड फ्लोर साहिल मेंशन, बालमिया लेन, माहिम वेस्ट मुंबई 400016 मोबाइल नं 9987 77 5650 व्हाट्सप्प नं 7977 40 8589 : Email -editor@rokthoklekhaninews.com